# यूपी में अमूल 7500 तो बर्गर कंपनी 500 यूनिट खोलेगी

- सीएम युवा कॉनक्लेव में प्रतिष्ठित ब्रांड की दस्तक
- कॉनक्लेव में 24,000 ऑनलाइन पंजीकरण

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में अमूल ने 7,500 यूनिट खोलने की बात कही है तो लूम सोलर ने 2,000 और बर्गर कंपनी ने 500 यूनिट का लक्ष्य साझा किया है। यही नहीं डॉ. गैराज, एमबीए मखानावाला, अमूल, किड्ज़ी, टाटा पावर, दवा इंडिया आदि ने बिजनेस मॉडल्स का प्रस्तुतिकरण किया। तीन दिन के सीएम युवा कॉनक्लेव में कई प्रतिष्ठित ब्रांड यूपी में युवाओं के साथ अपनी बिजनेस मुहिम शुरू करने या इसे विस्तार देने पर सहमत हुए।

पहली बार प्रदेश में फ्रेंचाइज़ी ब्रांड, मशीनरी आपूर्तिकर्ताओं और बिजनेस ऑन व्हील्स मॉडल्स की इस तरह की भव्य प्रदर्शनी ने युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप के नए अवसरों से जोड़ा। इस कॉनक्लेव में 24,000 ऑनलाइन पंजीकरण हुए।10,000 से ज्यादा कारोबार बैठकें हुई। अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार व आयुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन ने अंतिम दिन आयोजन की सराहना की।